आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.03.2026 समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने फिर कहा– देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं। 74 दिनों की आरक्षित क्षमता सुनिश्चित की।
- प्रदेश सरकार ने नगरीय अवस्थापना सुविधाओं के विकास, क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 242 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज, रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने केदारनाथ धाम का निरीक्षण किया।
- टिहरी में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, चाइल्ड सेक्स रेश्यो और रेफरल सिस्टम सुधारने के निर्देश।
- और... पौड़ी में 'अफसर बिटिया' कार्यक्रम का आयोजन, छात्राओं को किया गया प्रोत्साहित।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

केंद्र सरकार ने कहा कि भारत के पास कुल 74 दिनों की आरक्षित क्षमता है और कच्चे तेल, उत्पाद भंडार और भूमिगत भंडारों में बने विशेष कार्यनीतिक भंडारण को मिलाकर वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने फिर कहा है कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा है कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि देशभर में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। घरेलू रिफाइनरी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने बताया कि लगभग एक महीने की आपूर्ति पूरी तरह सुनिश्चित है और अतिरिक्त खरीद को लगातार अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार तेल कंपनियां प्रतिदिन 50 लाख से अधिक सिलेंडर सफलतापूर्वक वितरित कर रही हैं। जमाखोरी या कालाबाजारी से बचने के लिए राज्य सरकारों से परामर्श करके वाणिज्यिक सिलेंडरों का आवंटन भी बढ़कर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि घरेलू उत्पादन के अतिरिक्त अमरीका, रूस, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों से आठ सौ हजार मैट्रिक टन एलपीजी कार्गो पहले से ही सुरक्षित है।

पत्र सूचना कार्यालय

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत में केवल दो दिन का पेट्रोल शेष है। पत्र सूचना

कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की है। इकाई ने सटीक जानकारी की पुष्टि केवल आधिकारिक स्रोतों से ही करने का आग्रह किया है।

वित्तीय स्वीकृति

प्रदेश सरकार ने नगरीय अवस्थापना सुविधाओं के विकास, क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 242 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें शारदा रिवर फ्रंट परियोजना, हरिद्वार मास्टर प्लान, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर सहित अन्य योजनाओं के लिए 109 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन दिया गया है।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने व्यय वित्त समिति की संस्तुति के आधार पर पौड़ी गढ़वाल के द्वारीखाल और एकेश्वर विकासखंड के अंतर्गत सतपुली बैराज की पुनरीक्षित लागत के लिए 76 करोड़ 35 लाख रुपये को नाबार्ड से वित्तपोषित किए जाने की स्वीकृति भी प्रदान की है।

केदारनाथ यात्रा

आगामी 22 अप्रैल से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा और पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने केदारनाथ धाम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि बर्फ हटने के बाद धाम में दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही पेयजल, बिजली, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं को समयबद्ध तरीके से बहाल करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वहीं, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि वर्तमान में धाम की सुरक्षा के लिए पुलिस के 3 और आईटीबीपी के 12 जवान तैनात हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पिछले अनुभवों और फीडबैक के आधार पर सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

टिहरी स्वास्थ्य व्यवस्था

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने चंबा, फाकोट और थौलधार क्षेत्रों में चाइल्ड सेक्स रेश्यो कम पाए जाने पर चिकित्साधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा, जिलाधिकारी ने पिछले एक वर्ष के रेफरल मामलों के आंकड़ों का संज्ञान लेते हुए निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को रेफर करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस चिकित्सालय में भेजा जा रहा है, वहां उचित उपचार उपलब्ध है या नहीं। उन्होंने कहा कि रेफर करने से पूर्व संबंधित अस्पताल के चिकित्सकों से संपर्क करना अनिवार्य किया जाए।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के मामलों में मरीज के साथ उनके तीमारदार को भी निःशुल्क भोजन और ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी होटल और धर्मशालाओं में भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी ने बताया कि सभी चिकित्साधिकारियों को एक माह के भीतर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उपायों पर प्रस्तुतीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

'अफसर बिटिया'

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत पौड़ी गढ़वाल के सुरखेत स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में 'अफसर बिटिया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमंती रावत ने अभियान के उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि सुपरवाइजर शारदा रानी ने विभागीय योजनाओं के बारे में छात्राओं को अवगत कराया।

इस अवसर पर छात्राओं के लिए निबंध और कला प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन श्रेणियों में किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को परियोजना अधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर अन्य सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। इस खबर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। नवोदय टाइम्स लिखता है – मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ईरान द्वारा भारत समेत पांच देशों के लिए होमुर्ज जल मार्ग को खोले जाने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रथम पृष्ठ पर स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है – भारत के लिए खुल गया होमुर्ज मार्ग। हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है – होमुर्ज से खुली राहत की राह।

आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में हुए भीषण सड़क हादसे की खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है – डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 14 लोग जिंदा जल मरे। दैनिक जागरण का शीर्षक है – आंध्र प्रदेश में बस में आग लगने से 14 लोगों की मौत।

दून–पिथौरागढ़ के बीच उड़ान फिर शुरू, 45 मिनट का होगा सफर– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– सीएम ने दिखाई हरी झंडी, हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े गढ़वाल और कुमाऊं, पर्यटन, तीर्थाटन को मजबूती मिलने की उम्मीद।